PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Jis Desh Mein Ganga Behti Hai
Year: 1961

Song: Hum Bhi Hai Tum Bhi Ho
Lyricist: Shailendra

है आग हमारे सीने में
हम आग से खेलते आते हैं
होय होय
टकराते हैं जो इस ताक़त से
वो मिट्टी में मिल जाते हैं
होय होय

तुमसे तो पतंगा अच्छा है
जो हँसते हुए जल जाता है
ओय होय होय होय
वो प्यार में मिट तो जाता है
पर नाम अमर कर जाता है
पर नाम अमर कर जाता है

हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने
देख लो क्या असर
कर दिया प्यार के नाम ने

हम गाते गरजते सागर हैं
कोई हमको बाँध नहीं पाया
होय होय
ओय हम मौज में जब भी लहराए
सारा जग डर से थर्राया
होय होय
हम छोटी सी वो बूँद सही
है सीप ने जिसको अपनाया
ओय होय होय होय
खारा पानी कोई पी ना सका

एक प्यार का मोती काम आया
एक प्यार का मोती काम आया

हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने
देख लो
ओ ...
क्या असर
कर दिया प्यार के नाम ने

किस फूल पे मरती है दुनिया
है कौन सा फल सबसे मीठा
ओय होय होय
नैनों से जो नैना टकराए
तो कौन हारा और कौन जीता
ओय होय होय

ये दिल का कँवल सबसे सुन्दर
मेहनत का फल सबसे मीठा
ओय होय होय
इस प्यार की बाज़ी में हँसकर
जो दिल हारा वो सब जीता
जो दिल हारा वो सब जीता
हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने
देख लो क्या असर
कर दिया प्यार के नाम ने

इतना सा जिगर इतना सा है दिल

PlanetRead

Literacy for a Billion

क्या बात बड़ी करने आए
होय होय
क्या पैदा होगी आग अगर
पत्थर से ना पत्थर टकराए
होय होय

नन्हा सा ये तिल आँखों में ना हो
तो पल में अँधेरा हो जाए
होय होय
इतना सा ये दिल तू दे दे अगर
सारा जग तेरा हो जाए
सारा जग तेरा हो जाए

हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने
देख लो क्या असर
कर दिया प्यार के नाम ने

ओ ...

हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने

जाने कैसी ये मौजें अनजानीं
दिल में आई जैसे याद पुरानी
जाने कैसी ये मौजें अनजानीं
दिल में आई जैसे याद पुरानी
ओ ...
याद पुरानी

ले लिया दिल मेरा
आज की रंग भरी शाम ने

हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने

तुमने मुझको समझा था बेगाना
लेकिन तुमको मैंने ही पहचाना
तुमने मुझको समझा था बेगाना
लेकिन तुमको मैंने ही पहचाना
होय पहचाना
मिल गईं मंज़िलें
राह सी खुल गई सामने

हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने

तू जो कह दे मैं तेरी हो जाऊँ
खोई खोई आँखों में खो जाऊँ
तू जो कह दे मैं तेरी हो जाऊँ
खोई खोई आँखों में खो जाऊँ
हाय खो जाऊँ
तुमने ये क्या किया
लोग दिल को लगे थामने

देख लो क्या असर
कर दिया प्यार के नाम ने
हम भी हैं तुम भी हो
दोनों हैं आमने सामने

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.